सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 07 | इंदौर, गुरुवार 18 जुलाई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. UP Politics: अखिलेश यादव का बड़ा ऑफर... 'सौ विधायक लाओ, सरकार बनाओ!' केशव मौर्य से जोड़कर देखा जा रहा बयान
2. Puja Khedkar: ट्रेनी IAS पूजा खेडकर की मां को पुणे पुलिस ने हिरासत में लिया, पिस्तौल लहराने का मामला
3. NEET 2024: नीट यूजी पेपर लीक केस में पटना एम्स के तीन डॉक्टर हिरासत में, तीनों को अपने साथ ले गई सीबीआई
4. UN: 'मॉस्को के साथ ऊर्जा संबंधों के कारण भारत पर दबाव बनाना अनुचित', रूस के विदेश मंत्री का पश्चिम पर निशाना
5. US: RNC में उषा ने पति जेडी वैंस का कुछ खास अंदाज में कराया परिचय, कहा- मेरी मां के लिए बनाते हैं भारतीय भोजन
6. UP: मुजफ्फरनगर पुलिस के फरमान को अखिलेश ने बताया सामाजिक अपराध, बोले- कोर्ट संज्ञान ले और कार्रवाई करे
7. UN: भारत ने फिर इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर दोहराया रुख, कहा- तुरंत हो बंधकों की रिहाई, संघर्ष विराम लागू हो

# मोहर्रम जुलूस में प्रतीकात्मक घोड़े के नीचे दबे लोग

## दौड़ी चली आ रही भीड एक-दूसरे और पुलिसकर्मियों पर गिरी, लाठीचार्ज





@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन। उज्जैन में मोहर्रम जुलूस में प्रतीकात्मक घोड़े (बड़े साहब) को कंधे पर लेकर चल रहे लोग इसके नीचे दब गए। प्रतीकात्मक घोड़ा एक तरफ झुक गया, इतने में पीछे से दौड़ी चली आ रही भीड़ एक-दूसरे पर गिरी।तीन पुलिसकर्मी भी दब गए।**

जुलूस में शामिल लोग पीछे से लगातार आगे की ओर दौड़े चले आ रहे थे, ऐसे में पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर लगातार आगे आ रही भीड़ को पीछे हटाया, इसके बाद दबे हुए लोगों को बचाया गया। उज्जैन एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि तीन पुलिसकर्मी और कुछ मुस्लिम समाज के लोग दबे थे। किसी को भी गंभीर चोट नहीं आई है।



### एक युवक का बैलेंस बिगड़ा, प्रतीकात्मक घोड़ा एक ओर झुका

उज्जैन शहर में बुधवार रात मोहर्रम के जुलूस में बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोग शामिल हुए। कमरी मार्ग से गीता कॉलोनी के लिए जा रहा जुलूस जब खजूर वाली मस्जिद के पास पहुंचा, तभी आगे की तरफ से प्रतीकात्मक घोड़े को कंधे पर लेकर चल रहा एक युवक सबसे पहले बैलेंस बिगड़ने पर गिरा। बाकी लोगों का भी बैलेंस बिगड़ा और प्रतीकात्मक घोड़ा एक ओर झुक गया। पुलिस प्रतीकात्मक घोड़े के नीचे दबे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही थी, लेकिन भीड़ भी लगातार आगे बढ़ी चली आ रही थी। पुलिस के तीन जवान भी चपेट में आकर रोड किनारे रखी बैरिकेड पर गिरे। भीड़ लगातार बढ़ रही थी। हालात संभालने क लिए पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। आगे बढ़ रहे लोग रुके, तब जाकर दबे हुए लोगों को निकाला जा सका।

सबसे पहले प्रतीकात्मक घोड़े को अगले हिस्से से कंधे पर उठाए युवक का बैलेंस बिगड़ा। इसके बाद बाकी लोग भी गिर गए। प्रतीकात्मक घोड़ा एक तरफ झुक गया। पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज कर भीड़ को पीछे हटाया। भीड़ को पीछे हटाकर पुलिस ने साथियों और लोगों को उठाया। जुलूस में बड़ी संख्या में महिलाएं भी थीं

मंगलवार रात से शुरू हुआ मोहर्रम का जुलूस बुधवार सुबह 11 बजे तक गोपाल मंदिर पहुंचा। गीता कॉलोनी के बड़े साहब के इमाम बाड़े से गुरुवार तड़के जुलूस निकास चौराहा, नई सड़क, फव्वारा चौक, दौलत गंज, तोपखाना, लोहे का पुल, गुदरी चौराहा, पटनी बाजार, गोपाल मंदिर, कमरी मार्ग, खजूर वाली मस्जिद होते हुए इमाम बाड़े पर खत्म हुआ। जुलूस के दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं भी मौजूद थीं।

# छाया उल्लास: दो मुनियों के महामिलन का साक्षी बना समग्र दिगंबर जैन व सर्व समाज

## आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के शिष्य विनम्र सागर महाराज ने की मुनिश्री 108 प्रमाण सागर महाराज की अगवानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर।** संत शिरोमणि विद्यासागर जी महाराज के शिष्य श्री 108 मुनि प्रमाण सागर जी महाराज का आज सुबह ससंघ इन्दौर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ। मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज की अगवानी मुनिश्री विनम्र सागर महाराज ने चरण स्पर्श कर की। इसके पश्चात दोनों मुनियों का महामिलन हुआ जिसका साक्षी समग्र दिगंबर जैन समाज सहित सर्व समाज से उपस्थित प्रतिनिधि मंडल बना। उदयनगर जिनालय से ढ़ाई किलोमीटर के इस मंगल प्रवेश जुलूस में सर्व समाज के प्रतिनिधियों ने भी मंच लगाकर मुनिश्री की अगवानी की। मंगल प्रवेश के दौरान संस्था केसरी ने भी मंच लगाया था जिसमें सर्वधर्म समभाव का संदेश दिया गया।



धर्म प्रभावना समिति एवं चातुर्मास प्रभारी अशोक डोसी, नवीन गोधा, आनंद गोधा ने बताया कि मुनिश्री प्रणाम सागर महाराज उदय नगर जैन जिनालय से मंगल प्रवनेश जुलूस के साथ विहार कर गोयल नगर, तिलक नगर, साउथ तुकोगंज कंचनबाग समवशरण मंदिर होते हुए मोहता भवन पहुंचा। जहां इस मंगल प्रवेश जुलूस का समापन हुआ। मुनिश्री की अगवानी के लिए ईसाई, सिख समाज, श्वेताम्बर समाज, अग्रवाल, सिंधी समाज के प्रतिनिधियों ने भी मुनिश्री के चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। मंगल प्रवेश जुलूस के समापन के पश्चात मुनिश्री प्रमाण सागर महाराज ने सभी श्रावक-श्राविकाओं को चातुर्मास का महत्व बताया। मंगल प्रवेश जुलूस में मुकेश पाटौदी, डी.के. जैन, अनामिका बाकलीवाल, रानी डोसी, महावीर जैन सहित हजारों की संख्या में समाज बंधु उपस्थित थे।

### 30-40 मंचों से हुई अगवानी

मुनिश्री प्रमाण सागर व विनम्र सागर की अगवानी में दिगंबर जैन समाज सहित अन्य समाजों के 30 से 40 मंच लगाए गए थे। वहीं इसके अलावा युवतियों ने दक्षिण भारतीय नृत्य कुचिपुड़ी, महाराष्ट्र की लावणी और गुजरात का गरबा कर सभी का मन मोह लिया। मंगल प्रवेश जुलूस में सभी महिला व पुरूष ड्रेस कोड़ में शामिल हुए थे।

# सांसद शंकर लालवानी ने ड्रोन से किया बीजारोपण

## इंदौर को हरित बनाने के लिए अनूठी पहल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर को हरित बनाने के लिए सांसद शंकर लालवानी अब ड्रोन की मदद ले रहे हैं। सांसद श्री लालवानी ने विभिन्न क्षेत्रों में पीपल के बीजों का रोपण किया है। इंदौर के ड्रोन बनाने वाले स्टार्टअप पाइजर्व टेक्नोलॉजी द्वारा अनोखा ड्रोन तैयार किया है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नामह्ल अभियान के अंतर्गत इंदौर ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है। साथ ही कई इलाके ऐसे होते हैं जहां पर प्रत्यक्ष रूप से पेड़ लगाना संभव नहीं होता इसलिए इंदौर के स्टार्टअप के बारे में जब मुझे जानकारी मिली तो हमने पीपल के बीजों का रोपण ऐसी जगह पर किया जहां पेड़ लगाना मुश्किल काम है। सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि बारिश का मौसम बीजारोपण के लिए सबसे अनुकूल होता है। पीपल सबसे ज्यादा ऑक्सीजन देने वाला वृक्ष माना गया है इसलिए पीपल लगाने की कोशिश की गई है। सांसद श्री लालवानी ने बताया कि ड्रोन से बीज लगाने की तकनीक के माध्यम से इंदौर के आसपास कई क्षेत्रों को हरा-भरा किया जा सकता है और कृषि के क्षेत्र में भी इसकी अथाह संभावनाएं है। पाइजर्व टेक्नोलॉजी के सीटीओ अभिषेक मिश्रा ने बताया की ड्रोन से सीधे बीजरोपण करने का प्रयोग भारत में पहली बार हुआ है। इससे पहले सीड बॉल गिराने के प्रयोग हुए हैं।



# इंदौर में हो रही है ड्रैगन फ्रूट की खेती

## उद्यानिकी विभाग के संचालकएस.बी. सिंह ने किया अवलोकन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग के संचालक एस.बी. सिंह ने गत दिवस इन्दौर जिले का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत स्थापित गुरु सम्पूर्ण इकाई बंगाली चौराहा इंदौर का अवलोकन एवं निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कच्ची घाणी तेल इकाई में योजना से हुए लाभ एवं बाजार मांग की जानकारी ली। उद्योग संचालक माधव पाटीदार ने अपने अनुभव बताये तथा उन्होंने उद्यानिकी विभाग से प्राप्त सहयोग व उद्योग की सफलता के बारे में बताया। इसके बाद एस.बी. सिंह महू पहुँचे। यहाँ उन्होंने जामली में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना अंतर्गत कृषकों के यहाँ रोपित ड्रैगन फ्रूट का अवलोकन किया। इस दौरान संयुक्त संचालक उद्यान डी.आर जाटव, उपसंचालक डी. एस. चौहान एवं मनोज यादव, राहुल पाटीदार और भगवत सिंह पंवार , गोविंद डाबर, डॉ. पूजा शुक्ला,अजित द्विवेदी आदि उपस्थित थे।

# कृष्णपुरा छत्री पर दिखा पंढरपुर जैसा नजारा

## संत, महंत और मातृ शक्ति द्वारा पालकी पूजन के बाद निकली विशाल दिंडी यात्रा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** महिलाएं नौवारी साडी में थी और पुरुष वर्ग धोती - कुर्ता और टोपी में थे। आगे आगे बैंड - बाजे और ढोल - ताशे, टाल,मंजीरे की धुन और थाप पर गूंज रहे थे श्रीहरि विट्ठला जय हरि विट्ठला के उदघोष। मौका था वारकारी परंपरा आषाढी एकादशी पर समग्र मराठी समाज इंदूर द्वारा आयोजित दिंडी यात्रा।

सर्वप्रथम कृष्णपुरा छत्री पर अण्णा महाराज, बाबा साहेब प्रदीप तराणेकर महाराज, अमृतफले महाराज, विवेक बर्वे महाराज, नितिन मतकर महाराज, प्रवीणनाथ महाराज, राजूदादा शास्त्री महाराज, श्रीराम कोकजे महाराज एवं महामण्डलेश्वर दादू महाराज ने पालकी में विराजित भगवान विट्ठल और रुकमा देवी को पुष्पमाला चढाकर कंकू - चावल से उनका पूजन किया। इस मौके पर सांसद शंकर ललवानी ,विधायक गोलू शुक्ला और पार्षद रूपाली पेन्ढारकर विशेष रुप से उपस्थित थे। महिलाओ ने फुगडी खेली और पाउल भजन गाए।

यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक विनीता धर्म, कमलेश नाचन और हर्षल शिव ने बताया कि कृष्णपुरा छत्री पर तिलकपथ, मल्हार मार्तंड मंदिर, इमली बाजार बालाजी मन्दिर, बाराभाई विट्ठल मंदिर और श्रीसमर्थ मठ पंत वैध कॉलोनी की पालकी यात्रा भी शामिल हुई। जब सभी पालकी एक साथ कृष्णपुरा छत्री पर एकत्रित हुई तो वहाँ पंढरपुर जैसा नजारा देखने को मिला। शशांक धनावडे, शिवानी अडसपुरकर और भूपेन्द्र पराढकर ने बताया कि सभी पालकी दिंडी यात्रा के रूप में एक साथ कृष्णपुरा छत्री से गाजे बाजे के साथ निकली जो वीर सावरकर मार्केट, महालक्ष्मी मन्दिर, आडा बाजार,यशवंत रोड से होते हुए पंढरीनाथ मंदिर पहुंची, जहां पर महाआरती हुई। महाआरती के बाद फलाहारी प्रसाद के साथ यात्रा का समापन हुआ। विनीता धर्म ने बताया कि इंदौर की दिंडी यात्रा को देशभर में पहचान मिल चुकी हैं। समग्र मराठी समाज इंदूर यह यात्रा बीते 19 वर्षों से लगातार निकाल रहा हैं।




# नाथ मंदिर पर तीन दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव कल से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** साउथ तुकोगंज स्थित श्रीनाथ मंदिर संस्थान पर योगाभ्यानंद श्री माधवनाथ महाराज को समर्पित गुरू पूर्णिमा महोत्सव शुक्रवार, 19 जुलाई से 21 जुलाई तक मनाया जाएगा। इस दौरान प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्र में कांकड़ आरती, सामूहिक ग्रंथ पाठ एवं महाराजश्री का रूद्राभिषेक होगा। सायंकालिन सत्र में ह.भ.प. सौ. स्नेहल संतोष पित्रे, डोंबिवली मुंबई द्वारा मनोहारी कीर्तन होगा। मंदिर संस्थान के सचिव संजय नामजोशी ने बताया कि शुक्रवार 19 जुलाई को दोपहर में स्वरचित भजन मंडल सुखलिया द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे तथा रात्रि में शहर के उभरते कलाकारों, उर्वी चिकोड़ीकर एवं कार्तिक जोशी का गायन होगा। शनिवार, 20 जुलाई को दोपहर में स्वराली स्वर समूह पाराशर नगर द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे एवं रात्रिकालीन सत्र में सौ. मृदुला यरगट्टिकर पुणे का गायन कार्यक्रम होगा।

# बस्तियों में किया गया महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह के निर्देशन में इंदौर जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से मिशन शक्ति योजना के तहत महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 100 दिन का अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत महिलाओं को उनसे संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में भी बताया जा रहा है। इस सिलसिले में आज मिशन शक्ति योजना के तहत वार्ड क्रमांक 67 की बालदा कॉलोनी बस्ती में शिविर लगाया गया। डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमेन इंदौर की जिला मिशन समन्वयक डॉ वंचना सिंह परिहार ने बताया कि कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण की समस्त योजनाओं एवं महिलाओं संबंधित कानून एवं उनके अधिकारों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ऊर्जा डेस्क, वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा से बचाव, छेड़छाड़ रोकने आदि के संबंध में जानकारी दी गई। स्वधार शक्ति सदन, सखी निवास वर्किंग वुमन हॉस्टल, वात्सल्य योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आदि योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए आवश्यकतानुसार पंजीयन के लिए भी महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया।

# यूटीआई म्यूचयल फंड आईआईएए और एमएफडीए (सेंट्रल इंडिया) के तत्वाधान में "एक पेड़ मां के नाम" 151 पौधे लगाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** एक पेड़ मां के नाम के तहत यूटीआई म्यूचयल फंड आईआईएए और एमएफडीए (सेंट्रल इंडिया)के तत्वाधान में एक पेड़ मां के नाम के तहत टेलीफोन नगर स्थित मां अन्नपूर्णा मंदिर प्रांगण पर 151 पौधे लगाए गए।

यूटीआई म्यूचयल फंड के पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि वार्ड 42 की पार्षद सुश्री मुद्रा शास्त्री के मुख्य आथित्य में संस्था के पदाधिकारी के द्वारा वृक्षारोपण किया गया जिसमें बड़ी संख्या में यूटीआई म्यूचयल फंड आईआईएए संस्था के पदाधिकारी मेंबरों के द्वारा वृक्षारोपण किया गया यूटीआई के DA महेंद्र पालीवालजी ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण के साथ ही पौधों पर अपनी मां के नाम संदेश देते हुए शपथ ली गई साथ ही इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी भी हम सभी लोग लेते हैं ऐसा संकल्प भी लिया श्री पालीवाल के द्वारा बताया गया कि इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के द्वारा क्षेत्रीय पार्षद सुश्री मुद्रा शास्त्री गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया एवं वृक्षारोपण के पूर्व मां अन्नपूर्णा मंदिर के पुजारी के द्वारा विधि विधान से वृक्षों की पूजा की गई और इसके बाद सभी यूटीआई म्यूचयल फंड एवं आईआईएए के सदस्य के द्वारा वृक्षारोपण किया गया इस अवसर पर यूटीआई म्यूचयल फंड के क्षेत्रीय प्रबंधक गोपाल व्यासजी, प्रतीक मल्होत्रा चीफ मैनेजर और राकेश मिश्रा,प्रदीप हरिदास, प्रतीक मंत्री,अजय पाल सभी रिलेशनशिप मैनेजर दिलीप चंद्रावत एवं पांडेजी व आईआईएए संस्था के राजेश कूलवालजी, टी के प्रसादजी, महेंद्र पालीवालजी,मनोज पोरवालजी एवं नितिन जी पाटनी ने बताया कि इन वृक्षों की सेवा नियमित रूप से आकर करेंगे।








# पंचायत सहायक सचिव की साइलेंट अटैक से मौत

## पुलिस जवान को भी आया अटैक

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। महू के पास सिमरोल थाना क्षेत्र के गांव जोशी गुराडिया पंचायत में रहने वाले 35 वर्षीय राकेश भाभर (मंत्री) की बुधवार सुबह साइलेंट अटैक से मौत हो गई।**

परिजनों ने बताया कि युवक ग्राम जोशी गुराडिया में पंचायत सहायक सचिव (मंत्री) में काम करते थे। सुबह 10:30 बजे घर पर काम कर खाना खाने बैठे तभी अचानक सीने में दर्द हुआ। तभी परिजन युवक को तुरंत नजदीकी अस्पताल लेकर गए। लेकिन डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

हॉस्पिटल डॉक्टर ने बताया कि युवक को अस्पताल में मृत हालत में लाया गया था। उनकी मौत कुछ समय पहले ही हो चुकी थी। अस्पताल स्टाफ ने उसे कृत्रिम ऑक्सीजन और सीपीआर दिया लेकिन कोई नतीजा नहीं निकला। परिजनों ने बताया कि राकेश भाभर करीब पिछले 8 से 10 वर्ष से ग्राम पंचायत जोशी गुराडिया के सहायक सचिव (मंत्री) पद पर कार्य करते थे। उनकी दो बेटियां व लडका भी है।

मंगलवार को महू थाने में पदस्थ कपिल सितोले की भी साइलेंट अटैक आने से मौत हो गई। जवान सोमवार रात 12 बजे ड्यूटी कर अपने घर गया था। खाना खाने के बाद वह सो गया था। मगंलवार सुबह सीने में दर्द हुआ तो परिजनों से अस्पताल लेकर पहुंचे यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# छात्र के न्यूड फोटो लिए करने लगा ब्लैकमेल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पुलिस ने बीकॉम की छात्रा की शिकायत पर पडोसी पर आईटी एक्ट, छेडछाड और अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। छात्रा का कहना है कि एक माह पहले मारपीट करते हुए युवक ने उसके न्यूड फोटो खींचे। इसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा।**

मामला भंवरकुआ इलाके का है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 23 साल की छात्रा की शिकायत पर विशाल योगी पर केस दर्ज किया है। वह एक ही इलाके के होने के चलते विशाल को अच्छे से जानती है। 6 माह पहले दोनों में दोस्ती हो गई। करीब 1 माह पहले विशाल घर आया। तब छात्रा के घर पर कोई नहीं था। इसके बाद विशाल ने उसके न्यूड फोटो-वीडियो बनाए। विशाल को रोका तो उसने मारपीट की। इसके बाद विशाल फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। मंगलवार की दोपहर जब पीडित छात्रा कॉलेज से अपने घर आ रही थी तब विशाल उसे जबरदस्ती सुनसान इलाके में ले गया। उसने फोटो, वीडियो वायरल करने की धमकी दी। इस दौरान दोनों के बीच हाथापाई हुई। इससे छात्रा के सिर और हाथ में चोट लग गई। छात्रा ने घर पहुंचकर परिवार को पूरा घटनाक्रम बताया और विशाल पर केस दर्ज करा दिया। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।

# चोरी के दो आरोपी पकड़ाए, 29 मोबाइल और बाइक जब्त

## दो दिन पहले आर्मी के ट्रेनिंग अधिकारी फोन छीना था

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस ने मोबाइल चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा है।**

थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी ने बताया कि दो दिन पहले महू आर्मी के ट्रेनिंग अधिकारी ने थाने पर सूचना दी थी कि महेंद्रा कंपनी के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों ने उनका फोन छीन कर फरार हो गए हैं। आर्मी के ट्रेनी अधिकारियों के साथ हुई इस घटना को पुलिस ने गंभीरता से लिया।

पुलिस को मंगलवार शाम सूचना मिली कि मुंबई आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर युवराज ढाबे के पास दो युवक बाइक (क्रमांक एम पी 43 ई एफ 0224) पर सवार हो कर कुछ मोबाइल बेचने की फिराक में हैं। पुलिस ने दोनों युवकों को दबोच लिया। पूछताछ में दोनों युवकों ने मोबाइल लूटना कबूल किया। दोनों युवक के अन्य थानों में भी केस दर्ज हैं। दोनों आरोपी अभिषेक पिता घनश्याम पटेल निवासी माचल और पुष्पेंद्र पिता राधेश्याम मोनिया निवासी बेटमा हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों से 29 मोबाइल एक बाइक जब्त कर करीब 3 लाख का माल बरामद किया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी संतोष कुमार दूधी, सहायक उपनिरीक्षक के के परिहार, अशोक दुबे, प्रधान आरक्षक मनीष चौहान, सूरज तिवारी, महेश यादव, पवन अमलियार, आरक्षक शैलेंद्र सिंह भदोरिया, राहुल हिरवे की भूमिका रही।

# खुद का वीडियो बनाकर सुसाइड किया

इंदौर। परदेशीपुरा में रहने वाले एक ड्राइवर ने सुसाइड कर लिया। जान देने के पहले उसने एक वीडियो बनाया। जिसमें पत्नी और साले पर प्रताडना का आरोप लगाया। पुलिस के मुताबिक नरेन्द्र पुत्र राकेश सैनी निवासी कुलकर्णी के भट्टे ने बुधवार रात फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। जान देने के पहले उसने एक वीडियो बनाया। जिसमें पत्नी पूजा, साले महेन्द्र, महेन्द्र की पत्नी ज्योति और सास पर गंभीर आरोप लगाए हैं।

# पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

**इंदौर।** बाणगंगा इलाके में एक युवक का शव लक्ष्मीबाई स्टेशन के पास पेड़ पर टंगा मिला। सूचना के बाद पुलिस मोके पर पहुंची है। युवक की शिनाखती के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक गुरुवार सुबह लोगों ने एक युवक के शव को पेड़ पर लटका दिखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। हालांकि युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पहचान के प्रयास किये जा रहे हैं।

# दवा व्यापारी को लूटने का किया प्रयास

## एक आरोपी पकड़ाया, दूसरे की पुलिस कर रही तलाश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दवा व्यापारी को बाइक सवार दो बदमाशों ने टक्कर के बहाने लूटने की कोशिश की। पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया है। वहीं दूसरे की तलाश की जा रही है।

भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि संजय पिता बसंत बुधोलिया निवासी सेक्टर ई सुदामा नगर की शिकायत पर आदिल पिता शकील शेख निवासी कोहिनूर कॉलोनी और रहमान निवासी मदीना मस्जिद पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने जानकारी में बताया कि दवा व्यापारी संजय कार नंबर (एमपी 09जेडजेड 0944) से चोइथराम के रास्ते एमवाय के सामने वीसी चेंबर में जा रहे थे। जब वह मेडिस्क्वेयर हास्पिटल के यहां पहुंचे तो दोनों आरोपी बाइक पर वहां पहुंचे और कहा कि तुमने हमारी बाइक का एक्सीडेंट किया है। उन्होंने 10 हजार रुपए मांगे।संजय ने रुपए देने से इनकार किया तो दोनों मारपीट करने लगे। आसपास के लोग वहां पहुंचे और संजय को बचाया। कुछ ही देर में भंवरकुआ पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आदिल को पकड़ा लिया। वहीं दूसरा आरोपी रहमान मौके से भाग गया। पुलिस रहमान की तलाश कर रही है।

# रंजिश में युवक पर हमला

## हिंदूवादी भीड़ लेकर पहुंचे थाने, दो आरोपियों पर केस

**इंदौर।** लालबाग के यहां कैफे पर चाय पी रहे दो दोस्तों पर दो आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला कर दिया। युवक के भाई ने हिंदूवादियों के साथ थाने आकर मामले में केस दर्ज कराया है। पुलिस से मिली जानकारी क मुताबिक विशाल पुत्र गणेश गजेरा निवासी लालबाग कॉलोनी ने बताया कि उसका भाई निखिल और दोस्त अयान मंसूरी आदिनाथ कैफे पर बैठकर चाय पी रहे थे। तभी वहां पर अयान अहमद और उसका साथी पहुंचे ओर पुरानी रंजिश को लेकर निखिल से विवाद किया। इसके बाद अयान ने चाकू निकालकर निखिल के सीने पर दो और पेट व पैर में चाकू मार दिया। इस हमले में निखिल को दोस्त गंभीर हालत में अस्पताल ले गए। यहां उसका उपचार चल रहा है। रात में हिंदूवादी थाने पहुंचे और वर्ग विशेष के युवकों पर हमले को लेकर केस दर्ज कराया है।

# युवक को क्यूआर कोड भेजकर लगाई चपत

**इंदौर।** एक युवक ने ओएलएक्स पर कूलर बेचने का विज्ञापन दिया। इसके बाद ठग ने उसे अलग-अलग क्यूआर कोड भेजकर हजारों रुपए ऐंठ लिए। जोन एक के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक शर्मा को फरियादी उत्कर्ष गौतम ने बताया कि वह नीट की तैयारी कर रहा है। 13 जुलाई को उसने पुराने इस्तेमाली कूलर को 2800 रुपए में बेचने ओएलएक्स पर विज्ञापन दिया था। विज्ञापन देख कर फरियादी का पास अनजान नंबर से किसी युवक का कॉल आया। युवक ने कहा कि मैं आपका कूलर खरीदना चाहता हूं।

### पत्नी को डाक से भेजा तीन तलाक:पति ने लिखा-

# माता-पिता को अपमानित करती है; महिला बोली- प्रताड़ित मैं हुई, मुझ पर ही लगाए आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**अशोकनगर।** अशोकनगर में एक महिला को डाक से तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। 23 साल की महिला मंगलवार को एक लेटर लेकर देहात थाना पहुंची। लेटर पुलिस की ओर बढ़ाते हुए बोली, सर यह मेरे पति ने भेजा है। डाक के जरिए उन्होंने मुझे तीन तलाक दे दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने महिला विवाह संरचना अधिनियम के तहत केस दर्ज कर लिया है। महिला की शादी 2023 में कोलारस के रहने वाले आदिल से हुई थी। उसका आरोप है कि शादी के बाद से ही पति दहेज के लिए प्रताड़ित करता था। डाक से तीन तलाक का लेटर भेजने की सूचना पर पीड़िता से बात की।

### पति ने डाक से भेजा तलाक का लेटर

साहिबा बानो ने बताया कि 26 अप्रैल 2023 को कोलारस के आदिल से मेरी शादी हुई थी। वह मंडी में अनाज खरीदने-बेचने का काम करता है। शादी के बाद से ही ससुराल वाले कहते हैं कि जिस तरह हम रखना चाहें, उसी तरह से आपको रहना पड़ेगा। पति मुझसे मारपीट करता। एक पति ने 2 लाख रुपए की मांग की। मैंने अपने पिता को बताया। पिता ने जब उनसे बात की तो वह एक पिकअप वाहन खरीदने का कहने लगे।

### पिता ने 2 लाख दिए, फिर भी मारपीट करते थे

20 अप्रैल को पापा ने 2 लाख रुपए की मदद की, जिससे उन्होंने वाहन खरीदा। इसके बाद भी उनका मन



नहीं भरा और मारपीट कर और पैसों की मांग करने लगे। कहने लगे कि तुम पैसे लेकर आओ, काफी दिनों तक यही चलता रहा।

परेशान होकर मैं अपने माता-पिता के घर आकर रहने लगी। रविवार को घर पर ही थी, तभी मेरे नाम से पोस्ट ऑफिस से एक लेटर आया। लेटर मुझे पति ने भेजा था। खोलकर देखा तो उसमें तीन तलाक लिखा हुआ था। उसे फोन लगाया तो बात नहीं की। इसके बाद थाने आकर शिकायत दर्ज कराई।

### लेटर में क्या लिखा है...

26 अप्रैल 2023 को ग्राम महाना में शहाना (बदला हुआ नाम) से निकाह हुआ था। निकाह मेहर रुपए 100,786 के साथ बिना किसी दहेज के हुआ था। शादी के अगले दिन से ही शहाना छोटी-छोटी बातों पर लड़ने लगी। कहने लगी कि, मैं पढ़ी-लिखी लड़की हूं। दरवाजा नहीं खोलूंगी, दूध नहीं लूंगी, कचरा भी नहीं फेकूंगी। मैं प्राइवेट स्कूल और ट्यूशन में पढ़ाकर 10-15 हजार रुपए महीना कमाती हूं। तू तो गरीब है।

जब शहाना को माता-पिता ने समझाया तो उन्हें अपशब्द कहने लगी। गालियां देते हुए कहती- तुम छोटे हो, तुम्हारा खानदान छोटा है। जब शहाना के घरवालों को बताया तो कहने लगे कि तुम्हें और तुम्हारे घरवालों को दबकर रहना पड़ेगा। रख सको तो रखो नहीं तो तुम्हें झूठे केस में फंसा देंगे। जेल करा देंगे।

शहाना के परिवार कोलारस आकर तुम्हारे परिवारवालों के हाथ-पैर तोड़कर जाएंगे। कहा- यहां से चले जाओ वरना, तुम्हारे हाथ-पैर तोड़ देंगे। शहाना मायके चली गई। जब उसे लेने गया तो कहने लगे कि हमारी शर्तों पर ही लड़की को भेजेंगे। सभी शर्तें माननी भी पड़ेंगी। जेल भेजकर जीवनभर रुपए लेंगे, अकल ठिकाने आ जाएगी। जब शर्तें पूछी तो बोले- हमारी लड़की कोई काम नहीं करेगी। वो जो कहेगी, सब करना होगा। 19 अप्रैल 2024 को शहाना उसकी फुप्पी के लड़के की शादी में गई। वहां से लौटते समय ट्रेन से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगी। घर पर हाथ की नस काटने और फांसी लगाने की धमकी दी। कहा- मर जाऊंगी और तुम्हें और तुम्हारे घरवालों को फंसा जाऊंगी।

27 अप्रैल 2024 को जब मेरे पिता ने शहाना को समझाया तो चप्पल उठाकर उन पर हावी हो गई। लड़कर मायके चली गई। शादी में हमने जो सोना-चांदी दिया था अपने साथ ले गई। इसमें दो सोने की अंगूठी, एक सोने का हार, चार सोने की चूड़ी और चांदी की दो पायल थी। आलमारी में रखे 3 लाख रुपए नकद भी ले गई। पूछने पर कहा- क्या सबूत है कि मैं जेवर-रकम लेकर आई हूं। शहाना की हरकतों से परेशान हो गया हूं। खुद की और परिवार की सरक्षा की चिंता है। बहुत सोचा और नतीजे पर आया कि अब साथ नहीं रह सकते। 30 मई 2024 को दो गवाह के समक्ष शहाना को पहला तलाक देता हूं। मेरे द्वारा बोले गए तलाक शब्द को गवाहों ने सुना है।

2 जून 2024 को दूसरा तलाक दो गवाह की मौजूदगी में दिया। 8 जुलाई 2024 को तीसरा और अंतिम तलाक दो गवाह की मौजूदगी में दिया। तीनों तलाक की की जानकारी मोबाइल पर दी है। निकाह में दी गई कुल राशि 106786 रुपए लौटने को तैयार हूं। तलाकुल हसन का अंतिम घोषणा पत्र भेज रहा हूं। निकाह 26 अप्रैल 2023 को खत्म हो चुका है। अब हम दोनों अपने हिसाब से जीवन जीने के लिए आजाद है।

### महिला विवाह संरचना अधिनियम के तहत केस दर्ज

देहात थाना प्रभारी रवि प्रताप चौहान ने बताया कि महाना गांव की महिला का विवाह अप्रैल 2023 में कोलारस के आदिल से हुआ था। विवाह के बाद से दोनों में मनमुटाव रहने लगा, इसके बाद महिला मायके वापस आ गई। महिला का आरोप है कि पति और ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। इसके बाद दो-तीन महीने से ससुराल नहीं गई। पति आदिल ने तीन तलाक का लेटर डाक से भेजा है, जिसकी शिकायत थाना देहात में की गई, जिस पर से महिला विवाह संरचना अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## महाकाल मंदिर में चल रही श्रावण महोत्सव की तैयारी

### दिल्ली की टीम कर रही गर्भगृह के रूद्र यंत्र और चांदी के दीवार की सफाई



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** विश्व प्रसिद्ध बाबा महाकाल के दरबार में श्रावण मास की तैयारियां की जा रही हैं। तीन दिन बाद श्रावण मास शुरू हो जाएगा। श्रावण में लाखों श्रद्धालुजन बाबा महाकाल के दर्शन के लिए आएंगे। मंदिर प्रशासन तैयारियों में जुटा हुआ है। गर्भगृह के रूद्र यंत्र,चांदी और नंदी द्वार की सफाई का काम भी चल रहा हैं। सफाई का यह कार्य गुरूवार को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि आगामी 22 जुलाई से श्रावण मास शुरू हो जाएगा और श्रावण के प्रथम दिन सोमवार को ही बाबा महाकाल नगर भ्रमण पर निकलेंगे। ज्योतिर्लिंग श्री महाकालेश्वर के दरबार में गर्भगृह,चांदी द्वार,नंदी द्वार,रूद्र यंत्र,रजत मंडित दीवार के साथ ही आभूषण छत्र,मुकुट की सफाई की जा रही हैं। यह सफाई कार्य दिल्ली के श्रद्धालु सुशील शर्मा पिछले 12 वर्षों से करा रहे हैं। इसके लिए वह अपनी टीम के साथ उज्जैन आए हुए है। श्री शर्मा दिल्ली के व्यापारी हैं। इस बारे में उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ बाबा महाकाल की सेवा करना चाहता हूँ,उन्हीं की प्रेरणा से यह कार्य वर्षों से करता आ रहा हूं। साल में 3 से 4 बार बाबा महाकाल के दरबार में आते हैं। उनकी टीम में करीब 6 लोग शामिल हैं। श्रावण मास में बाबा महाकाल की सवारी निकलती है,इसीलिए हम लोग सवारी में निकलने वाली पालकी के साथ ही अन्य सामानों की भी सफाई करते हैं।

# स्वयं को भगवान निरूपित करने वाले संतों पर लगेगा प्रतिबंध

### 112 संतों को नोटिस थमाया, महाकुंभ में नहीं मिलेगा प्रवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** स्वयं को भगवान बताने वाले साधु-संतों के खिलाफ अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने नाराजगी व्यक्त की है। उज्जैन आगमन पर मीडिया से चर्चा के दौरान रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि आजकल ऐसा ट्रेंड बन गया है कि हर कोई अपने आप को उपासक,पुजारी नहीं,भगवान कह रहा है। स्वयं को ब्रम्हा,विष्णु,महेश और राम कह रहे हैं,ऐसे संतों पर कार्रवाई होना अति आवश्यक है। प्रयागराज के कुंभ में ऐसे व्यक्तियों को भूमि नहीं दी जाएंगी। तीन अखाड़ों ने अपने 112 संतों को नोटिस दिया हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ होगा,वही उज्जैन में 4 साल बाद कुंभ का आयोजन होना है। ऐसे में



अखाड़ा परिषद अध्यक्ष रविन्द्रपुरी महाराज यहां की व्यवस्थाएं देखने आए। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति के विरोध में जो जाएंगा,उस पर कार्रवाई होगी। मंच से अल्लाह हू अकबर कहना,नमाज पढ़ना उचित नहीं है। मंच पर पति-पत्नी बैठ कर शादी करें,ये चीजें अच्छी नहीं हैं। ऐसे संतों को चिन्हित किया जाएगा,जो सनातन के विरुद्ध कार्य कर रहे हैं।

महाराजश्री ने महामंडलेश्वर को निष्कासित करने के संबंध में कहा कि फिलहाल दो माह पहले सिर्फ उज्जैन में महिला महामंडलेश्वर को निष्कासित किया गया है,अन्य किसी को नहीं।112 संतों को नोटिस देने के संबंध में उन्होंने कहा कि सभी अखाड़ों की अपनी व्यवस्था है। अखाड़े से संबंधित किसी संत को गलती करने पर उनके अखाड़े ने नोटिस जारी किया होगा और वही कार्रवाई भी करेंगे। जूना अखाड़े ने 54 संत,श्री निरंजनी अखाड़े ने 24 संतों और निमोही अणि अखाड़े ने 34 संतों को नोटिस दिया हैं। संतों द्वारा 30 सितंबर तक संतोषजनक जवाब नहीं दिया तो महाकुंभ-2025 में प्रवेश नहीं मिलेगा। अखाड़े सनातन धर्मावलंबियों की आस्था व समर्पण का केंद्र हैं। मौजूदा समय 13 अखाड़े हैं। उन्हें अ.भा.अखाड़ा परिषद के माध्यम से संगठित किया गया है।

### दोष मिलने पर तत्काल करते है निष्कासित

अखाड़े से संबंधित संतों में कोई दोष न आए इसके लिए दो-तीन वर्ष के अंतराल से सभी अखाड़े अपने महामंडलेश्वर,मंडलेश्वर,महंत,श्रीमहंतों की कार्यप्रणाली की गोपनीय जांच अखाड़े के पदाधिकारियों से कराते हैं। इसमें उनका रहन-सहन,कार्यप्रणाली,किस प्रकार के लोगों से संबंध हैं,यह सब देखा जाता है। अपेक्षा के अनुरूप कार्यप्रणाली नहीं मिलने पर नोटिस देकर जवाब मांगा जाता है,जिनमें ज्यादा दोष मिलता हैं उन्हें तत्काल अखाड़े से निष्कासित कर दिया जाता हैं।

## चोरी के बाद मंदिर में ही सो गया चोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट , शाजापुर। शाजापुर में युवक मंदिर में चोरी करने आया। कीमती सामान चुराया, लेकिन भागा नहीं। मंदिर में ही गादी बिछाकर सो गया। सुबह श्रद्धालु दर्शन करने मंदिर पहुंचे तो युवक सोता मिला। श्रद्धालुओं ने चोर के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। इसके बाद पुजारी और डायल-100 को सूचना दी। चोर को थाने ले जाया गया। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। मामला लालबाई-फूलबाई माता मंदिर का है। मंदिर के पुजारी मनोज राठौर ने बताया, मंदिर के मुख्य द्वार का ताला तोड़कर चोर अंदर घुसे। मंदिर में कीमती सामान भी तलाशा, लेकिन ज्यादा कुछ मिला नहीं। बाकी चोर तो भाग निकले, लेकिन एक को इतनी नींद आई कि वह माता रानी के पास रखी गादी डालकर मंदिर में ही सो गया। कोतवाली पुलिस को आवेदन दिया है। लोगों ने पूछताछ की तो चोर ने बताया कि वह पश्चिम बंगाल की सिलीगुड़ी का रहने वाला है। वह अपने दो-तीन साथियों के साथ चोरी करने मंदिर आया था। बाकी साथी चले गए, जबकि वह यहीं पर सो गया।

# संपादकीय

## निरंकुश हुई महंगाई

खुदरा महंगाई दर के बाद अब थोक महंगाई के आंकड़े भी आ गए हैं। हालांकि पिछले चार महीनों से थोक महंगाई में लगातार वृद्धि का रुख बना हुआ है, मगर जून महीने में यह सोलह महीनों के उच्च स्तर 3.36 फीसद पर पहुंच गई। अभी इसमें बहुत बदलाव की गुंजाइश नजर नहीं आ रही। बरसात को देखते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि अगले महीने इसमें कुछ कमी दर्ज होगी। बताया जा रहा है कि जून में तेज लू चलने के कारण सब्जियों के उत्पादन पर असर पड़ा, जिसकी वजह से महंगाई बढ़ी है। जून में खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर 10.87 दर्ज हुई। इनमें सबसे अधिक महंगाई सब्जियों में देखी गई। प्याज की कीमतों में 99.35 फीसद, आलू में 66.37 तथा अन्य हरी सब्जियों में 38.35 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। फलों की कीमतों में 10.14 फीसद, मोटे अनाज में 9.27, गेहूं में 6.25 और दालों की कीमतों में 21.64 फीसद की वृद्धि दर्ज की गई। स्वाभाविक ही इसका असर विनिर्मित खाद्य वस्तुओं पर भी पड़ा है। यह तब है जब जून में पेट्रोल, डीजल, प्राकृतिक गैस और बिजली की कीमतों में कमी दर्ज हुई। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में बढ़ोतरी की मार सबसे अधिक गरीब और सामान्य आय वर्ग के लोगों पर पड़ता है। सब्जियों और दालों की कीमतें बढ़ने से लोगों को अपने भोजन पर अधिक खर्च करना पड़ रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगस्त में जब सब्जियों की नई फसल आनी शुरू होगी, तब महंगाई में कुछ कमी दर्ज होगी। इसी तरह मोटे अनाज और दलहन की नई फसल आने के बाद कुछ राहत मिलेगी। मगर यह तो तय है कि खाद्य वस्तुओं की कीमतें मौसम के मिजाज पर निर्भर करती हैं। पिछले कुछ वर्षों से जिस तरह मौसम का रुख कृषि क्षेत्र के लिए अनुकूल नहीं दिखाई दे रहा है, उसमें आने वाले समय में इसे लेकर कितना भरोसा किया जा सकता है। ऐसे में, फिर से यह जरूरत रेखांकित हुई है कि फसलों की सुरक्षा, भंडारण, शीतगृहों की क्षमता बढ़ाने आदि जैसे जरूरी उपायों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए। महंगाई पर काबू पाने के लिए केवल रिजर्व बैंक की नीतिगत दरें पर्याप्त उपाय नहीं हैं।

### अर्ज किया है..!

*भूके बच्चों की*
*तसल्ली के लिए*
*माँ ने फिर*
*पानी पकाया देर तक*

-नवाज़ देवबंदी

## OSHO कहिन


**खोजना है तो जिंदगी खोजो, मृत्यु तो वैसे ही एक दिन खोज लेगी।**



### धर्म-कर्म

# सावन सोमवार के दिन भूलकर भी न करें 7 गलतियां

## कहीं भगवान शिव न हो जाएं क्रोधित




### सावन सोमवार के नियम

1) सोमवार के दिन भगवान शिव का अभिषेक करना बहुत ही शुभ फलदायी है। ऐसे में आप भगवान शिव के अभिषेक के लिए जिस दूध का इस्तेमाल करेंगे उसका सेवन बिल्कुल भी न करें। भगवान शिव के अभिषेक के बाद जो दूध बच जाए उसे किसी जरुरमंद को दान कर दें।
2) शास्त्रों के अनुसार, सावन के सोमवार के दिन दिन में भूलकर भी न सोएं। शाम के समय भगवान शिव का भी पूरे विधि विधान के साथ पूजन करें।
3) सावन के पूरे महीने में सात्विक भोजन करना चाहिए। यानी प्याज, मांस मदिरा आदि का सेवन भूलकर भी न करें।
4) सोमवार के दिन बेल के पत्तों को तोड़कर शिवजी पर नहीं चढ़ाना चाहिए। आप चाहें तो इसलिए 1 दिन पहले से ही बेलपत्र तोड़कर रख लें।
5) सावन सोमवार के दिन ब्रह्मचर्य का पालन करना चाहिए। अगर संभव हो तो पति पत्नी को अलग सोना चाहिए। भगवान शिव की पूजा करते समय भूलकर भी केतकी के फूल अर्पित न करें।
6) जिस वस्त्र को धारण करके पहले आपने शयन या भोजन किया हो उसे धारण करके भोलेनाथ का पूजन अभिषेक नहीं करना चाहिए।
7) सावन सोमवार के दिन फलाहार में दूध और दूध से बनी हुई चीजों का प्रयोग नहीं करें। इसके अलावा मन वाणी और व्यवहार से किसी को भी कष्ट न पहुंचाएं।

New Delhi

# उफनते नालों और बाढ़ के बीच इन राज्यों में आज भी भारी बारिश

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारत के कई राज्यों में इन दिनों मूसलाधार बारिश हो रही है. देश के कई हिस्से बाढ़ से प्रभावित हैं, जिसकी वजह से लोगों का आम जीवन अस्त-वयस्त हो गया है. मौसम विभाग ने 18 जुलाई को मध्य प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखण्ड, तमिलनाडु, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और गोवा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है.

दिल्ली में इन दिनों बारिश के साथ उमस भरी गर्मी का दौर जारी है. हालांकि, 18 जुलाई को दिल्ली में तेज बारिश होने की संभावना है. IMD के मुताबिक, इस पूरे हफ्ते दिल्ली का अधिकतम तापमान 35 से 37 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है और न्यूनतम तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है.

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, आज कोंकण और गोवा, गुजरात, तटीय कर्नाटक और केरल में मध्यम से भारी बारिश संभव है. वहीं विदर्भ, मराठवाड़ा, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी मध्य प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है.



इसके अलावा सिक्किम, पूर्वोत्तर भारत, आंतरिक कर्नाटक, लक्षद्वीप, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश के तराई वाले इलाकों, बिहार और राजस्थान के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है. झारखंड, ओडिशा, लद्दाख, जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, रायलसीमा, तमिलनाडु, पंजाब और हरियाणा में हल्की बारिश संभव है.

मौसम पूर्वानुमान एजेंसी स्काईमेट के मुताबिक, दक्षिण-पूर्व मध्य प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है. इससे जुड़ा चक्रवाती परिसंचरण समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर ऊपर तक फैला हुआ है और ऊंचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है. वहीं समुद्र तल के पास मानसून की लाइन जैसलमेर, कोटा, गुना, सागर, मंडला, गोपालपुर और फिर दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी के मध्य से होकर गुजर रही है.

Uttarpradesh

## शाहजहांपुर: यूपी एसटीएफ ने एक लाख के इनामी शहनूर को एनकाउंटर में किया ढेर

### हत्या-डकैती समेत 32 मुकदमे थे दर्ज



**शाहजहांपुर, (एजेंसी) यूपी के शाहजहांपुर में एसटीएफ ने एक लाख के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है. मुठभेड़ में मारे गये बदमाश शहनूर उर्फ शानू पर हत्या लूट और डकैती के दर्जनों मुकदमें दर्ज हैं. वह संभल का शातिर बदमाश था. इलाके में उसकी तूती बोलती थी. एसटीएफ और बदमाश शहनूर की मुठभेड़ शाहजहांपुर के तिलहर थाना क्षेत्र के पिथनापुर गांव के पास देर रात को हुई.**

दरअसल, एसटीएफ की बरेली यूनिट की टीम को इनपुट मिला था कि संभल जिले के मैनाठेर इलाके का रहने वाला शातिर बदमाश शहनूर उर्फ शानू शाहजहांपुर जिले में मौजूद है. इसके बाद एसटीएफ की टीम ने उसकी बाइक का पीछा करना शुरू कर दिया. इस बीच थाना तिलहर के पिथनापुर गांव के पास बदमाश ने पिस्टल से एसटीएफ की टीम पर फायर करना शुरू कर दिया.

इसके बाद जवाबी फायरिंग में बदमाश को सीने में दो गोलियां लग गईं. एसटीएफ की टीम गोली लगने के बाद घायल बदमाश को लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

Jammu

## डोडा में फिर मुठभेड़ शुरू, कास्तीगढ़ इलाके में आमना-सामना; सेना के दो जवान घायल

**जम्मू, (एजेंसी)** जम्मू संभाग के डोडा जिले में फिर मुठभेड़ शुरू हो गई है. जम्मू-कश्मीर पुलिस के अनुसार, जिले के कास्तीगढ़ इलाके में सुरक्षाबल और आतंकी आमने-सामने हैं. देर रात दो बजे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़ में सेना के दो जवान घायल हो गए. उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया. डोडा के सरकारी अस्पताल में उन्हें शुरुआती उपचार दिया गया और अब उन्हें सेना के हेलिकॉप्टर से सेना के अस्पताल ले जाया गया है.अधिकारियों ने बताया कि सेना ने संदिग्ध गतिविधियां देखी. तुरंत तलाशी के दौरान आतंकवादियों से संपर्क स्थापित हुआ, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई. उन्होंने बताया कि शुरुआती गोलीबारी के दौरान सेना के दो जवान घायल हो गए, जिन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया. क्षेत्र में ऑपरेशन जारी है. अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ कास्तीगढ़ इलाके के जद्दन बाटा गांव में देर रात करीब दो बजे शुरू हुई जब आतंकवादियों ने सुरक्षा खोज दलों पर गोलियां चला दीं.

Uttarakhand

## दांत से काटने लगी छाती, गर्दन भी मोड़ी, बेटे के साथ हैवानियत कर मां ने बनवाया वीडियो

**हरिद्वार, (एजेंसी)** वह 11 साल के लड़के के पेट पर बैठ जाती है. फिर लगातार मुक्कों से उसपर हमला करने लगती है. बच्चे का बाल पकड़कर नोचने लगती है. उसका सिर जोर-जोर से जमीन पर पटकती हुई दिखती है. वायरल हो रहे वीडियो में हैवानियत की हदें पार करने वाली कोई और नहीं बल्कि उस मासूम की मां निकली. जन्म देने वाली मां अपने बेटे को पीटते हुए चिल्लाकर कहती है, 'बनाओ इसका वीडियो.' यह देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार के झबरेडा का मामला है.

मां की दरिंदगी का वीडियो वायरल हो गया है. वीडियो में मासूम रो-रोकर चिल्ला रहा है. वह पीने के लिए पानी मांग रहा है. लेकिन उसकी मां लगातार पीट रही है. वह उसका दोनों हाथ पकड़कर उसके छाती को दांत से काटने लगती है. ऐसा वह दो बार करती है. बेटे का मुंह नोचकर गला दबाने लगती है. मासूम अपनी मां को पीछे हटाने की कोशिश करता है. लेकिन उसकी मां गर्दन मोड़ देती है. फिर वह उसे लात मारकर भगा देती है. हैवानियत करने वाली मां की पहचान प्रियंका के रूप में हुई है. आजतक की रिपोर्ट के मुताबिक, महिला ने अपने बड़े बेटे (12 साल) से यह वीडियो रिकॉर्ड कराया था.



खेल

# पेरिस ओलंपिक ऐतिहासिक रहेगा उद्घाटन समारोह, सीन नदी किनारे होगा आयोजन

**पेरिस, (एजेंसी)** पेरिस ओलंपिक का काउंटडाउन शुरू हो चुका है और इसके लिए अब कुछ ही दिन का समय शेष रह गया है. यह तीसरी बार जब फ्रांस इन खेलों की मेजबानी करेगा और इसके लिए वहां खास इंतेजाम किए गए हैं. आमतौर पर उद्घाटन समारोह स्टेडियम में होता है, लेकिन पेरिस में इसमे बदलाव करने की योजना बनाई गई है. बताया जा रहा है कि 26 जुलाई को होने वाला उद्घाटन समारोह स्टेडियम नहीं, बल्कि सीन नदी के किनारे में होगा. भारत ने इन खेलों के लिए 117 सदस्यीय दल भेजने की घोषणा की है. हालांकि टोक्यो ओलंपिक की तुलना में इस बार कम एथलीट हिस्सा लेंगे. टोक्यो में भारत ने 119 सदस्यों का दल भेजा था और एक स्वर्ण सहित कुल सात पदक जीते थे.

पेरिस ओलंपिक में उद्घाटन समारोह की शुरुआत बोट परेड के साथ होगी. करीब तीन घंटे तक होने वाले इस आयोजन में तीन हजार कलाकार अपनी प्रस्तुति पेश करेंगे. हालांकि, खिलाड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए इसमे बदलाव भी किया जा सकता है और उद्घाटन समारोह एफिल टावर के सामने भी हो सकती है, लेकिन तय कार्यक्रम के अनुसार, यह समारोह सीन नदी के किनारे ही कराने की कोशिश होगी. नदी के किनारे उद्घाटन कराने का फैसला इसलिए लिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा दर्शक इस ऐतिहासिक पल का हिस्सा बन सकें. अगर सुरक्षा या किसी अन्य कारण के चलते ऐसा करना संभव नहीं हुआ तो आयोजकों ने स्टेड डि फ्रांस में भी उद्घाटन समारोह करने का विकल्प मौजूद रखा है.




पेरिस के बीचों-बीच होने वाले उद्घाटन समारोह में छह लाख लोगों के पहुंचने की उम्मीद है, जिसमें से दो लाख से अधिक टिकट मुफ्त बांटे गए हैं. आधिकारिक प्रसारणकर्ता को उम्मीद है कि सिर्फ उद्घाटन समारोह को ही दुनियाभर में करीब 150 करोड़ लोग टीवी पर देखेंगे. साल 2016 में पूरे रियो ओलिंपिक की दर्शक संख्या 320 करोड़ रही थी जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है.

एक रिपोर्ट के अनुसार, पेरिस खेलों के लिए 10 लाख टिकट उपलब्ध कराए गए हैं जिसमे से 90 लाख टिकट बिक चुके हैं. मालूम हो कि कोविड-19 के कारण टोक्यो 2020 के लिए टिकट उपलब्ध नहीं कराए गए थे, इसलिए रियो ओलंपिक के बाद पहली बार इन खेलों के लिए टिकट उपलब्ध हुए हैं जिसे लेकर प्रशंसकों में गजब का उत्साह देखने मिल रहा है.

सिनेमा

## तेलुगू स्टार नवीन पोलिशेट्टी का खतरनाक एक्सीडेंट, हाथ और पैर में हुए कई फ्रैक्चर, बताया कैसी है हालत



तेलुगू एक्टर नवीन पोलिशेट्टी का खतरनाक एक्सीडेंट हुआ, जिसमें मल्टिपल फ्रैक्चर हो गए हैं. नवीन ने फैंस से कहा की कि वो फेक न्यूज पर विश्वास न करें और उन्हीं के दिए अपडेट्स मानें. नवीन पोलिशेट्टी के फैंस उनके ठीक होने की दुआ कर रहे हैं पर चोट कैसे लगी, यह पता नहीं चल पाया है. तेलुगू फिल्मों के स्टार नवीन पोलिशेट्टी हाल ही एक दुर्घटना का शिकार हो गए, जिसमें उन्हें कई फ्रैक्चर हुए हैं. उनके हाथ और पैर में मल्टिपल फ्रैक्चर हैं. नवीन पोलिशेट्टी ने बुधवार, 17 जुलाई को खुद अपने एक्सीडेंट के बारे में फैंस को बताया. साथ ही गुजारिश की कि अपनी हेल्थ से जुड़ा कोई भी अपडेट वही देंगे और बाकी किसी रिपोर्ट या खबर पर विश्वास न करें. नवीन पोलिशेट्टी ने यह भी बताया कि अब उनकी हालत कैसी है और कितना सुधार है. 34 वर्षीय एक्टर नवीन पोलिशेट्टी ने X पर लिखा, 'दुर्भाग्य से मेरे हाथ में गंभीर मल्टिपल फ्रैक्चर हो गए हैं और मेरे पैर में भी चोट लग गई है. मेरे लिए बहुत ही मुश्किल और दर्दभरा वक्त रहा है. मैं मेडिकल प्रोफेशनल्स के साथ मिलकर काम कर रहा हूं ताकि पूरी तरह से ठीक हो सकूं और पूरी एनर्जी के साथ आपके लिए परफॉर्म कर सकूं. आपका प्यार, सहयोग और धैर्य ही इस वक्त मेरे लिए सबसे बड़ी दवा है.'

## Highlights

1. US police officer who laughed after Indian student Jaahnavi's death fired
2. BJP meet in Bihar today amid speculations over leadership change
3. Don't relate my slogan to NDA, it was for Bengal politics: Suvendu
4. 3 AIIMS doctors detained in Bihar in NEET-UG paper leak case; gadgets seized
5. 14 Japan students hospitalised after eating potato chips made from India's bhut jolokia

# Google Maps prices slashed by 70% for developers after Ola Maps offered for free, Ola CEO Bhavish Aggarwal responds

**NEW DEIHI, (Agency).** Google has announced a 70% reduction in Google Maps' API prices for Indian developers, which comes one week after Ola CEO Bhavish Aggarwal gave one-year free access to Ola Maps for all developers.

This announcement was made by the tech giant at Google I/O Connect, its developer event at Bengaluru, on July 17.

How will Google Maps prices in India change and when?

Google has also said that it will give a 90% discount to developers working with Open Network for Digital Commerce (ONDC), the state-owned company of the Department for Promotion of Industry and Internal Trade for developing open e-commerce.



The new prices will come into effect from August 1. Google has also introduced pricing specific for India, and will start accepting Google Maps subscription payments in rupees. It accepts payments only in US dollars currently.

What did Ola CEO Bhavish Aggarwal announce?

Ola CEO Bhavish Aggarwal announced that Ola cabs will be using its own in-house Ola Maps instead of Google maps, in a post on X (Formerly Twitter). The company would save ₹100 crore in the process, he added.

Two days after this, he also urged developers to use Ola Maps instead of Google Maps, giving them free access for one year.

He also announced that Ola Maps would get many new features soon, such as street view, NERFs, indoor images, 3D maps, and drone maps, and that it would be available on Krutrim cloud. Krutrim is Ola's in-house AI that was established in December last year.

# Infosys Q1 results today: Key things to look out for in IT major's earnings

**NEW DEIHI, (Agency).** Infosys Ltd will report its June quarter results at around 3.45pm today. The Salil Parekh-led company will host a press conference at 4.30 pm and a 60-minute conference call at 6 pm. The second-largest domestic IT software exporter may report up to 10 per cent year-on-year (YoY) rise in net profit for the June quarter. The IT major may report revenue growth of 2-2.5 per cent sequentially in constant currency (CC) terms and 2-2.2 per cent in dollar terms, analysts believe.




Nuvama Institutional Equities said that profit for Infosys may rise 10.2 per cent YoY to ₹6,551 crore on 2.6 per cent YoY rise in sales at 38,918 crore and Ebit margin is seen at 20.8 per cent owing to operating leverage and exceptional item in Q4. It said, "We reckon Infosys shall maintain revenue growth guidance of 1–3 per cent CC YoY and margins in the 20–22 per cent range for FY25."

ICICI Securities said that it anticipates 3.5 per cent YoY dollar growth for FY25, adding, "Deal pipeline is strong and deals won in previous quarter are ramping up as expected. The number of key deals have also doubled against Q4FY24. We expect order book to be in the range of $5 billion. Infosys completed In-semi acquisition (factoring in 4.5 million quarterly run rate in Q1).

# सड़क हादसे में हो गई मौत

## 10 दिन से चल रहा था उपचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आजाद नगर इलाके में रहने वाले एक युवक की सडक़ हादसे में मौत हो गई। उसका 10 दिनों से एमवाय में उपचार चल रहा था। पत्नी के गर्भवती होने के चलते सुबह तक पति की मौत की जानकारी नही दी गई। युवक डिलेवरी कंपनी में काम करता था।**

घटना पिपल्याहाना की है। यहां स्पोर्टस बाइक से जाते समय 7 जुलाई की शाम सडक़ हादसे में प्रतीक(27)पुत्र मुकेश भार्गव निवासी श्यामाचरण शुक्ल नगर गंभीर घायल हुआ। उसे उपचार के लिये एंबुलेस से राहगीरो ने एमवाय भेजा दिया। यहां उसके मोबाइल नबंर से परिवार को हादसे की सूचना दी गई। करीब 10 दिन तक उपचार कराने के बाद बुधवार शाम उसने दम तोड़ दिया।

भाई पीयुष ने बताया कि प्रतीक ऑनलाईन कंपनी में काम करता था। हादसे के दिन शाम को वह कुछ देर में आने का कहकर गया। इसके बाद वापस नही आया। बाद में उसके हादसे की सूचना मिली। तो सीधे अस्पताल पहुंचे। उसकी हालत लगातार बिगड़ती जा रही थी।

**पत्नी गर्भवती, नही दी मौत की जानकारी-** पीयुष के मुताबिक प्रतीक की शादी को डेढ़ साल हो गया। उसकी पत्नी पायल आठ माह से गर्भवती है। उसे 10 दिन से यही बताया गया कि प्रतीक की हालत में सुधार है। बुधवार को उसकी मौत होने के बाद भी परिवार के सिर्फ चार मेंबरो को जानकारी दी गई। गुरूवार सुबह तक भी पत्नी पायल को प्रतीक के नही होने की जानकारी नही दी गई। प्रतीक की एक बहन ओर है। वही पिता ऑटो चलाते है।

# तीन बच्चों को छोड़कर लापता हुई महिला

### पति ने पुलिस को दी जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पीथमपुर के सेक्टर एक थाना क्षेत्र के राधा कृष्ण मंदिर के पास रहने वाले मजदूर परिवार की 28 वर्षीय महिला बीते 24 घंटे से अधिक समय से लापता है।

जांच अधिकारी दीपक पवार ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार सुबह महिला के पति विष्णु शर्मा उम्र 33 वर्ष ने थाने पर आकर सूचना दी की। उसकी 28 वर्षीय पत्नी बीती शाम से राधा कृष्ण मंदिर के पास से लापता है।

गुमशुदा महिला के पति ने यह भी बताया कि मंगलवार शाम 5 बजे जब ड्यूटी से घर पहुंचा तो मेरी पत्नी घर में नहीं थी। मेरे तीनों बच्चे घर में अकेले थे। मैंने आस पास सब जगह तलाश की। परंतु उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस ने गुमशुदा महिला के पति के आवेदन पर गुमशुदगी दर्ज कर ली है। पुलिस महिला के फोन के लोकेशन निकाल कर उसके आधार पर महिला की तलाश शुरू कर दी है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक